हरिभूमि
# वनांचल भूमि
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

- लालबाग में 25 फीट ऊंची बनी विष्णु अवतार की गणेश प्रतिमा
- गणेश अलग-अलग रूपों में होंगे विराजित




# पंडालों सहित घरों में आज विराजित होंगे विघ्नहर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शनिवार को गणेश चतुर्थी है, इस दिन से गणेश उत्सव शुरू हो जाएगा, 10 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी पर होगा। गणेश भक्त इस त्योहार को बड़ी ही धूमधाम से मनाएंगे। सड़कों से लेकर मंदिरों तक गणपत्ति बप्पा का जयकारा गूंजता हैं, इस त्योहार का सबसे अद्भुत नजारा शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिलता है।





गणेश चतुर्थी के दिन घरों एवं मंदिर से लेकर बड़े-बड़े पंडालों में गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। लालबाग सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के लिए विष्णु अवतार की भगवान गणेश प्रतिमा बनाई जा रही है, जो 25 फीट ऊंची है, जो अंतिम रूप किया गया है। बालाजी वार्ड, प्रतापदेव वार्ड, पंचपथ चौक आदि में शनिवार को विघ्नहर्ता प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। शहर में ▶▶ शेष पेज 10 पर

### जोर-शोर से सजाया पंडाल

*शहर के वार्डों में पंडाल सजाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। गणेश पर्व पर घर-घर भगवान की स्थापना की जाएगी। मूर्तिकारों ने बताया कि शहर में छोटी-बड़ी मिलाकर इस साल लगभग 3 हजार मूर्तियां बिकने की संभावना है।*

## सनातनी धूमधाम से मनाएंगे गणेश चतुर्थी



- धर्मावलंबियों पर कानून का क्रियान्वयन समान रूप से हो
- कला प्रशासन को हिन्दू पर्व पर एकाएक स्मरण होता है ध्वनि अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सनातनी गणेश चतुर्थी हर्ष और उत्साह के साथ मनाने को संकल्पित है। जिला प्रशासन भी इस तथ्य से अवगत है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा सुविधाजनक रूप से हर्षोल्लास के साथ गणेश चतुर्थी मनाये जाने के सबंध में व्यवस्था किया जाना चाहिए न कि गणेश चतुर्थी उत्सव आयोजकों में सन्देह, उत्साह में कमी या भय व्याप्त करने वाले व्यवस्था नहीं होना चाहिए। यह बातें सर्व हिन्दू समाज के जिला सचिव एल ईश्वर राव ने एसडीएम को प्रेषित ज्ञापन में इस ▶▶ शेष पेज 10 पर

श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-08/09/24

*नवीन सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल का निर्माण दो माह में पूरा करें*

# आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हो उपलब्ध : जायसवाल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- मंत्री की अध्यक्षता में स्वशासी समिति की बैठक

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि बस्तर के आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो। इस हेतु शासन हर आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराने को तत्पर है। उन्होंने नवीन सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल के निर्माण कार्य को दो माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल के निर्माण कार्य हेतु दस करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति दी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की अध्यक्षता में स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के काउन्सिल हॉल में स्वशासी समिति की बैठक आयोजित थी। मंत्री ने कहा कि अस्पताल में मरीजों की हेल्प डेस्क में हॉस्पिटीलिटी मैनेजमेंट से संबंधित व्यक्तियों को रखे, अस्पताल की सुरक्षा में पूर्व सैनिक के नेतृत्व में सिक्योरिटी की व्यवस्था हो, सीसीटीवी की व्यवस्था, आपातकाल के लिए हर कमरा में अलार्म की व्यवस्था, आधारभूत संरचना, मानव संसाधन के प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। स्वशासी समिति की बैठक में मानव संसाधन स्वीकृत सेटअप के आधार पर रिक्त पद, आवश्यक जांच-उपकरणों की कमी, एएमसी- सीएमसी हेतु आवश्यक अतिरिक्त बजट, नवीन सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल डिमरापाल में मानव संसाधन की भर्ती एवं आवश्यक संसाधन बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ने के पश्चात हॉस्टल की क्षमता में वृद्धि करने, लेक्चर थियेटर, स्टॉफ क्वार्टर्स की आवश्यकता, बायो-मेडिकल वेस्ट के निपटान, युटिलिटी सेण्टर, कैन्टिन के निर्माण, छात्र-छात्राओं हेतु व्यायाम शाला, ▶▶ शेष पेज 10 पर



### सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

*स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को जगदलपुर के डिमरापाल में निर्माणाधीन 240 सीटर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और इसे प्रदेश का सबसे अच्छा अस्पताल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित बनाया जाएगा, ताकि बस्तर के लोगों को बड़े शहरों की तरह चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा सके। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल के निर्माण स्थिति की पूरी जानकारी ली और थर्ड फ्लोर तक भ्रमण कर विभिन्न वार्डों के निर्माण सहित एमआईआर, सिटी स्कैन तथा ऑपरेशन कक्ष इत्यादि का अवलोकन किया।*

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने सरकार कटिबद्ध



- स्वास्थ्य मंत्री ने ली स्वास्थ्य विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सहित जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों को सुदृढ़ किया जा रहा है। जिसके तहत अत्याधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता सहित उपकरणों तथा मानव संसाधन की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। शुक्रवार को सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए अंतर्विभागीय समन्वय ▶▶ शेष पेज 10 पर

### स्टाफ और उपकरण हर अस्पतालों में जरूरी

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने सहित सिजेरियन ऑपरेशन के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था हेतु प्रयास किया जाए। उन्होंने बस्तर के अस्पतालों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक उपकरणों सहित चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ की पूर्ति के लिए विशेष तौर पर बल दिया।

## खबर संक्षेप

### गाज की चपेट में आने से वृद्ध की चली गई जान

**कोण्डागांव।** जिले की ग्राम पंचायत सातगांव पटेलपारा तहसील, जिला कोण्डागांव



निवासी सालिक राम पांडे जाति कलार उम्र 60 वर्ष के ऊपर अचानक गाज गिरने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि श्री पांडे घर से शाम को अपने खेत देखने के लिए निकले थे। खेत पर पहुंचते ही उनके ऊपर अचानक बिजली गाज गिरने से वहीं पर उनकी मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना पुलिस थाना कोण्डागांव को दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 3 सक्रिय नक्सली विस्फोटक के साथ गिरफ्तार



**बीजापुर।** सुरक्षाबल के जवानों की संयुक्त कार्रवाई में 3 सक्रिय नक्सलियों को सारकेगुड़ा व पेगड़ापल्ली के बीच जंगलों से विस्फोटक के साथ पकड़ा गया हैं। जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत शुक्रवार को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना के बाद बासागुड़ा थाना, डीआरजी व कोबरा 210 की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई। अभियान के दौरान सारकेगुड़ा व पेगड़ापल्ली के बीच जंगलों से 3 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर जनमिलिशिया सदस्य कुड़ामी सोमलू पिता देवा उम्र 30 निवासी आउटपल्ली, मिलिशिया सेक्शन कमाण्डर लिंगु सेमला उर्फ लिंगा पिता रामा सेमला उम्र 26 निवासी कोरसागुड़ा व आरपीसी अध्यक्ष सोमलू कड़ती पिता स्व. कड़ती भीमा उम्र ▶▶ शेष पेज 10 पर

# भारत नक्सलवाद से हो रहा है मुक्त

## पढ़ाई और मोबाइल के कारण लोगों में आई है जागरुकताः श्रेयसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बिहार की विधायक श्रेयसी सिंह बस्तर प्रवास के दूसरे दिन पत्रकारों से रुबरु हुई। वह पत्रकारों के सवालों का जवाब नपेतुले अंदाज में दी। उन्होंने बस्तर समेत देश में नक्सल समस्या को लेकर कहा विकसित भारत के सपने में रोड़ा है नक्सलवाद, ▶▶ शेष पेज 10 पर

### युवाओं को महत्व

*भाजपा में हर वर्ग के युवाओं को महत्व दिया जाता है, देश का भविष्य युवाओं के कंधो पर है। बस्तर आकर यहां की नैसर्गिक सुंदरता को करीब से देखकर अच्छा लगा। यहां के नागरिकों का हृदय भी बस्तर की ही तरह खूबसूरत है।*

### बिहार और बस्तर में नक्सल समस्या

*श्रेयसी ने कहा बिहार और बस्तर नक्सल समस्याओं से ग्रसित है और इस समस्या का पूर्णतः निराकरण केंद्र और दोनो प्रदेशो की राज्य सरकार जल्द ही कर लेगी। केन्द्र सरकार देश के प्रतिभावान युवाओं को अंतराष्ट्रीय खेलो में प्रतिभा दिखाने में भरपूर सहयोग कर रही है। मालूम हो वे श्रेष्ठ धनुर्धारी भी है। वह राष्ट्रीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी है। भारत सरकार ने उन्हें खेल उपलब्धि के लिए अर्जुन पुरस्कार से नवाजा है।*

## गणेश पंडाल समितियों को लेना होगा अस्थायी बिजली कनेक्शन



**जगदलपुर।** गणेश उत्सव के दौरान बस्तर संभाग के सातों जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्र में गणेश समितियों के पंडालों में गणेश स्थापना की तैयारी की जा रही है। इस दौरान पंडालों में विद्युत व्यवस्था को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी गणेश समितियों को अस्थायी बिजली कनेक्शन लेने के निर्देश दिए हैं। विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के ▶▶ शेष पेज 10 पर

### कटे-छिले तारों का उपयोग न करें

उन्होंने बताया कि पंडालों की स्थापना विद्युत लाइनों ट्रांसफार्मरों से पर्याप्त दूरी पर किया जाए। विद्युत साज-सज्जा के लिए उचित क्षमता वो वायर व मेन स्वीच उपयोग में लाया जाए एवं कटे-छिले तारों का उपयोग न करें।

*कार्यकर्ता लक्ष्य को कर्मठता से पूरा करें*

## करोड़ों कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : देव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को गति देने गुरुवार को नगर मण्डल एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा ने संयुक्त रूप से जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव शामिल हुये। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को गंभीरता से योगदान देना है और अभियान को तेजी से बढ़ाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते कहा कि भाजपा अपने करोड़ों करोड़ कार्यकर्ताओं के बदौलत ही विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। अभियान में नये सदस्यों को जोड़ने का काम कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व कर्मठता से पूरा करेंगे, यह पूर्ण विश्वास है। सभी कार्यकर्ता निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें। बिहार जमुई की विधायक व भाजयुमो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रेयशी सिंह ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 10 पर

## नक्सलगढ़ एर्राबोर में है आदिवासी युवक की पंचर बनाने की दुकान

# पिता की गैरहाजिरी में दो साल का मासूम संभालता है दुकान

सुरेश रावल ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

सुकमा जिले का कोंटा ब्लाक नक्सल दृष्टि से काफी संवेदनशील है। उसमें राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एर्राबोर गांव का इतिहास काफी भयावह है। इसी मार्ग पर शहीद युवाओं की कतार में मूर्तियां हैं। जो इस बात का गवाह है कि कुछ साल पहले तक यह बस्ती नक्सलियों का गढ़ रहा जहां रात ही नहीं बल्कि दिन के उजाले में भी नक्सली खूनी खेल खेलते थे। अब हालात सामान्य होते जा रहे हैं। पुलिस थाना एर्राबोर के समीप एक आदिवासी युवक तारम जोगा की छोटी सी झोपड़ीनुमा दुकान है यहां आने जाने वाले वाहनों में हवा भरी जाती है और पंचर भी बनाया जाता है। दो साल का मासूम नागार्जुन जब पैदा नहीं हुआ था तब



इस बस्ती में नक्सलियों ने आतंक मचाकर दर्जनों युवाओं को मौत के घाट उतार दिया था। इनमें महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे। शनिवार की सुबह इस दुकान में मालिक तारम जोगा नहीं था लेकिन मासूम नागार्जुन ने ग्राहकों को निराश नहीं किया। ग्राहक के पहुंचने पर दुकान में मौजूद महिलाओं ने कहा कि हवा भरने वाला दुकान मालिक कहीं गया हुआ है।इसी बीच वाहन में सवार युवक ने कहा आप अनुमति दो तो हम हवा भर लेंगे। क्योंकि हमें जल्दी है मालिक को आने में देरी होगी। इस बीच मासूम नागार्जुन दौड़कर भीतर गया और स्वीच बोर्ड में बटन को ऑन कर दिया। साथ ही वह हवा की मात्रा को मापने वाला उपकरण लाकर युवक को थमा दिया। इस छोटी सी उम्र में मासूम की काम के प्रति लगन और सोच को देखकर सभी लोग अचंभित रह गए। इस बच्चे की मां कहती है जब मालिक कहीं जाता है तो यह बच्चा दुकान संभालता है। रोज वह पिता को काम करते हुए देखकर उनकी मदद करता है। हवा भरने के लिए स ▶▶ शेष पेज 10 पर

### आंगनबाड़ी में पढ़ने भी जाता है

*बताया गया कि अभी वह 2 साल का है इसलिए उसे आंगनबाड़ी केंद्र में भर्ती किया गया है। जहां वह 2-4 घंटे रहता है और अक्षर ज्ञान सीखकर बाद में दुकान में हवा भरने के काम में पिता के साथ लगा रहता है। जब भी कोई ग्राहक दुकान आता है तो वह हवा भरने के लिए खुद स्वीच ऑन कर सामान ग्राहक के हाथ में दे देता है।*

### मजदूर न बनकर जोगा बन गया व्यापारी

*एर्राबोर बस्ती में खून खराबे के बीच आज भी आतंक और खौफ के साए में लोगों का जीवन चल रहा है। इस बस्ती के शतप्रतिशत आदिवासी खेतिहर मजदूर अथवा अन्य किसी सेठ साहुकार के यहां मजदूरी करते हैं। इसके अलावा पड़ोसी राज्य आंध्रप्रदेश और तेलंगाना जाकर काम करते हैं। इनमें तारम जोगा मजदूरी न कर परिवार के भरण पोषण के लिए पंचर बनाने की दुकान खोलकर एक तरह से व्यापार कर रहा है। यह पिछड़े क्षेत्र के आदिवासी परिवार के लिए सुखद संकेत है।*

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

# वर्टिकल और होरिजेंटल रोप के साथ बीम का रिबन काटकर विधायक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

शिक्षक दिवस के पर गुरुवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण स्थल में सुश्री लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा एवं विधायक ने वर्टिकल रोप, होरिजेंटल रोप और और बीम का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने युवक–युवतियों को प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत करने को कहा। जिससे कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें और पूर्व सैनिकों द्वारा लगातार विगत 4 सालों से निरंतर युवाओं को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण देने के लिए बधाई दी। मनोज जैन पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार और मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने भी युवक एवं युवतियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण स्थल पर कार्यक्रम**



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर ध्रुव, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश, मनोहर साहू, केकती बर्मन और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले 300 युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

### 500 से ज्यादा युवा सैन्य सेवा में दे रहे अपनी सेवाएं

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वाधान में कोंडागाव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक, केशकाल ब्लॉक और बड़ेराजपुर ब्लॉक में अग्निवीर, थल सेना, जल सेना, वायु सेना, सीआरपीएफ, आइटीबीपी, बीएसएफ, जिला बल, फॉरेस्ट गार्ड, और नगर सेना में भर्ती होने के लिए निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा कोंडागांव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक, केशकाल ब्लॉक और बडेराजपुर ब्लॉक में वर्टिकल रोप, होरिजेंटल रोप, बीम, जुट मेट और शॉट पुट प्रशिक्षण सामग्री प्रदान किया गया है। जिससे कि जिला से अधिक से अधिक संख्या में युवक एवं युवतियों का सैन्य सेवा में चयन हो सके। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव से निशुल्क सैन्य प्राप्त कर लगभग 500 से ज्यादा युवा सैन्य सेवा में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहें हैं।

**शिक्षक दिवस : शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान**

# कोंडागांव में मुख्यमंत्री शिक्षक गौरव अलंकरण से 28 शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



अलंकरण योजना के अंतर्गत कोंडागांव जिले में शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को 28 शिक्षकों को आडिटोरियम में सम्मानित किया गया। शिक्षादूत पुरस्कार के लिए विकासखंड बड़ेराजपुर से जीवनलाल मरकाम सहा. शि.,गोपीराम सेन स.शि.,नमिता नाग स.शि.,विकासखंड केशकाल से देवेंद्र प्रताप कुपाल प्र.अ.,यशोमती ठाकुर सहा.शि., तमन्ना पटेल सहा.शि., विकासखंड कोंडागांव से गौतम राम पांडे प्र.अ.,प्रेमलता ठाकुर सहा. शि.,हरेश्वरी ध्रुव सहा. शि.,विकासखंड माकड़ी से सकरु राम मरकाम प्र.अ.,तनुजा कांगे सहा. शि., अजय यादव सहा. शि.,विकासखंड फरसगांव से हेमलता नेताम सहा.शि., जया रावटे सहा. शि., हरिता नाग सहा.शि., एवं पूर्व माध्यमिक स्तर ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए शैलेंद्र कुमार ठाकुर शिक्षक, टिकेश्वर साहू शिक्षक, संतराम सप्रे शिक्षक को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रधान अध्यापक प्राथमिक स्तर पुरस्कार के लिए चुन्नूराम साहू, जगतराम नेताम, फजल मोहम्मद खान, हरीश शोरी,देव कुमार जगत एवं माध्यमिक स्तर उत्कृष्ठ प्रधान अध्यापक पुरस्कार के लिए छत्रपाल सिंह शोरी, निर्मल तिवारी, मदनलाल नेताम, अनत देव प्रसाद एवं किशोर कुमार जैन को लता उसेंडी विधायक कोंडागांव के द्वारा प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता देकर पुरस्कृत एवं गौरवपूर्ण तरीके से सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर लता उसेंडी विधायक कोंडागांव, देवचंद मातलाम जिला पंचायत अध्यक्ष, भगवती पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कुणाल दुदावत जिलाधीश कोंडागांव, अभय भोई मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोंडागांव, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, मनीष देवांगन, जसकेतु उसेंडी, मनीष साहू, इना श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, महेंद्र पांडे जिला मिशन समन्वयक,जिला शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी एपीसी, पांचों विकासखंड के बीईओ, एबीईओ, बीआरसी, बीआरपी,जिले के संकुल समन्वयक एवं बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### श्रीफल, गुलदस्ता देकर 88 सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान

जिले में इस व गत वर्ष सेवानिवृत्त 88 शिक्षकों को भी शिक्षा विभाग में उनके सेवा एवं अमूल्य योगदान के लिए विधायक कोंडागांव, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जिला कोंडागांव के जिलाधीश कुणाल दुदावत एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल, गुलदस्ता देकर सेवानिवृति सम्मान दिया गया। कोंडागांव जिले पूर्व में राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों को भी जिला शिक्षा विभाग के तरफ से शाल, श्रीफल, गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

**धनोरा मांडगांव क्षेत्र के बीच फोर्स को नुकसान पहुंचाने लगायाा गया था आईईडी**

# 6 प्रेशर कुकर बम बरामद मौके पर किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



पुलिस ने 4 किलोग्राम के 3 एवं 3 किलोग्राम वजन के 3 नग जिंदा बम बरामद किया है। कोण्डागांव पुलिस फोर्स एवं बम डिस्पोजल टीम द्वारा सभी प्रेशर कुकर बमों को सावधानीपूर्वक मौके पर विस्फोट कर नष्ट किया गया। पुलिस फोर्स को नुकसान पहुंचाने धनोरा मांडगांव क्षेत्र के बीच आईईडी लगाया गया था। थाना धनोरा माडगांव क्षेत्र से एसडीओपी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा व स्टाफ नक्सल प्रभावित थाना धनोरा माडगांव क्षेत्र अंतर्गत नियमित गस्त के लिए निकले थे। गस्त के दौरान पुलिस फोर्स को नुकसान पहुंचाने के नियत से नक्सलियों द्वारा डम्प किये गये 4 किलोग्राम के 3 नग एवं 3 किलोग्राम के 3 आईईडी मिले। जिसे तत्काल कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे के मार्गदर्शन में आई.ई.डी. से संभावित बड़ी दुर्घटना रोकने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर बम डिस्पोजल टीम एवं पुलिस फोर्स द्वारा सावधानी पूर्वक कार्य करते हुए तत्काल मौके पर ही विस्फोट कर नष्ट किया गया। जिससे धनोरा माडगांव क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना होने से रोका गया । सम्पूर्ण कार्रवाई में एसडीओपी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा, डीआरजी. कोण्डागांव थाना प्रभारी धनोरा राजकुमार सोरी एवं थाना स्टाफ और बीडीएस टीम प्रभारी प्र.आर. जितेन्द्र सेठिया एवं टीम का योगदान रहा।

### धान खरीदी केंद्र गिरोला में गड़बड़ी, दो गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** ग्राम गिरोला के धान खरीदी केन्द्र में गड़बड़ी करने वाले केन्द्र खरीदी प्रभारी बालनाथ दीवान एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सुश्री यामिनी पुजारी को पुलिस ने 5 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कराया गया है। दिनांक 02.09.2024 को प्रार्थिया श्रीमती ललिता मरकाम, खाद्य विभाग एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023–2024 में धान खरीदी में अनियमितता कर 706.90 किंवटल धान की फर्जी खरीदी किया जाना पाये जाने की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 257/2024 धारा 420, 409, 34 भादवि. के तहत अपराण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान शासकीय लैम्पस गिरोला में शासकीय धन का दुरुपयोग कर कूटरचना करके धान की राशि को शासकीय कर्मचारीयों के द्वारा गबन करना पाये जाने पर आरोपी बालनाथ दिवान निवासी गिरोला बाजारपारा, आरोपिया सुश्री यामिनी पुजारी साकिन कोण्डागांव रोजगारी पारा थाना व जिला कोण्डागांव गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। उक्त सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी, उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल, उप निरी. नवल कोड़ोपी, सउनि. राज कुमार कोमरा, प्र.आर. 279 अशोक मरकाम, म.प्र.आर. 325 रेवती नेताम, म.आर. 527 जमूना कश्यप और साइबर टीम का विशेष योगदान रहा।

# परिवार के लोगों ने ही की थी सावित्री की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

■ हत्या में सगे देवर एवं सास की रही भूमिका, दोनों गिरफ्तार

शराब के नशे में विवाद व मारपीट करने वाली महिला की हत्या परिजन ने कर दी थी। शव को छुपाने का प्रयास कि गया परंतु सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मृतिका के देवर व सास को हत्या का आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार घटना दिनांक 03.09.2024 को रात्रि करीबन 9 बजे रात्रि को सावित्री यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ठेंगापारा सलना जो अपने घर में अकेली थी। उसी समय अलग घर में रहने वाली मृतिका के देवर बलराम यादव एवं उसकी सास रूखमणी यादव आये। पुरानी बात जिसमें सावित्री द्वारा आये दिन शराब पीकर घर के चावल को बेच देना। शराब पीने के लिए किसी का भी सामान उठा कर ले जाना, चोरी करना जैसे कई शिकायत गांव में थी। उक्त संबंध में ग्राम स्तर पर बैठक हुई थी। जिसमें गांव वालों को मुआवजा राशि को ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा ही भरपाई किया जाता था। पिछले रक्षाबंधन में सावित्री ने अपनी सास श्रीमति रूखमणी यादव को शराब के नशे में सिर में मारी थी। सिर में गहरी चोट लगी थी। हमेशा शराब पीकर ससुराल पक्ष के लोगों को वाद विवाद भी करती थी। इसी रंजिश की बात को लेकर आरोपी बलराम यादव ने अपनी मां रूखमणी यादव के साथ मिलकर पहले हाथ से गला घोंट कर मारने का प्रसास किया। मृत्यु नहीं होने की सम्भावना पर पुनः आरोपी बलराम द्वारा बैल बांधने की रस्सी गेरवां से गला को घोटकर अपनी माँ के साथ मृत्यु करने के पश्चात घर अंदर से शव को उठा कर बाड़ी में करंजी झाड़ के पास ले जाकर फांसी का स्वरूप देने का प्रयास किया। परंतु आरोपीगणों द्वारा पेड़ काफी बड़ा होने एवं मृत शरीर का वजन अधिक होने से डर की वजह से वापस घर अंदर परछी में लाकर चित हालत में सुला दिया। घटना में प्रयुक्त रस्सी को छिपाने के उद्देश्य से घर की ऊपर छानी में फेंकना बलराम ने बताया गया। दोनों आरोपियों को थाना विश्रामपुरी पुलिय द्वारा 24 घण्टे अंदर ही हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। जिसमें हत्या का जुर्म करना आरोपियो द्वारा स्वीकार किया गया।

### कार्रवाई में इनका रहा सहयोग

सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भुनेश्वर नाग सउनि. उमेन्द ध्रुव प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सोम, जयलाल नेताम, पुरन सिंह गावड़े, राजकुमार बंजारे आर.क्षक लगनु मरकाम, रविकांत शाडिल्य, अमरसिंह शोरी, नीलमणी चेरकिया, बुधराम मण्डावी, जम्मू मरकाम, म.आर. जयापाण्डे, जयश्री यादव एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# सरस्वती शिक्षा मंदिर स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मना



**कोण्डागांव।** सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय गुंडाधुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर शशिभूषण कन्नौजे एवं अध्यक्ष शत्रुधन बघेल एवं संस्था प्रमुख जगमोहन सिंह के समक्ष सर्वप्रथम डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पूजन बंदन के पश्चात समस्त आये हुए अतिथियों एवं शिक्षकों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। उसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा केक काटकर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस मनाते हुए उनके जीवन पर मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा बारी से शिक्षक दिवस के बारे विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके बाद सशिमं के प्रत्येक विद्यालय से एक एक शिक्षक को शाल श्रीफल एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कोंडागांव विद्यालय से कुमारी रेखा देहारी, फरसगांव विद्यालय से श्रीमती सुप्रिया यादव, बालोंड विद्यालय से कुमारी प्रियंका वट्टी, रांधना विद्यालय से कुमारी सेनम मरकाम, बयानार विद्यालय से कुमारी माधुरी बघेल, मुलमुला विद्यालय से कुमारी राजेश्वरी सोरी आदि शामिल रहे। कोंडागांव विद्यालय की प्रिंसिपल कुमारी दीक्षित प्रभा ठाकुर को शाल,श्रीफल प्रशस्ति पत्र के साथ साथ नकद राशि के साथ सम्मानित किया गया। विद्यालय में स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी बच्चों, पालकों के साथ साथ स्टॉफ तनूजा शेख, तिहारी बघेल, दीपिका बघेल, आकांक्षा ठाकुर, कशिश देवांगन, सोनी मानिकपुरी,आरती मरकाम, श्रीमती उषा नाग, पुष्पा नेताम, मधु मरकाम, विद्या मंडावी, कचरों नेताम, मानकी दुग्गा, मनीषा मरकाम, किरण भारद्वाज, श्रीमती हेमलता पाण्डेय, मनीषा कोर्राम, फुलेश्वरी नेताम, पिंकी नाग ने अपना अपना योगदान प्रदान किया।

### शासकीय प्राथमिक शाला सरगीपालपारा में मना शिक्षक दिवस



कोण्डागांव। शासकीय प्राथमिक शाला सरगीपालपारा में बच्चों द्वारा डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में शाला प्रधान अध्यापक योगेश्वरी देवांगन द्वारा मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्या अर्पण और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके बाद शाला के बच्चे श्रुति सलाम, प्रिंसी, रुली, रहनुमा खान, इफत द्वारा शिक्षकों का नाट्य रूपांतरण किया गया। इस कार्यक्रम में टिकेश्वर ध्रुव, शिवराम देवांगन,व सभी बच्चे उपस्थित रहे।

### चार्जिंग लाइट की रोशनी में सजा था जुए का फड़ पुलिस ने 9 को पकड़ा

**जगदलपुर।** बस्तर पुलिस द्वारा जुआ व सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चार्जिंग लाइट के रोशनी में जुए के फड़ सजाकर हारजीत का दांव लगा रहे थे। पुलिस ने रेड मारकर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ फड़ से हजारों रुपए नकद के अलावा कई मोबाइल व बाइक भी जब्त किया है। भानपुरी थाना क्षेत्र में जुए का फड़ सजा होने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी भानपुरी घनश्याम कामडे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी भानपुरी राकेश राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। ग्राम कावड़गांव एवं मुंडागांव के बीच जंगल में कुछ लोगों द्वारा ताश पतों से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। टीम द्वारा घेराबंदी कर मौके से 9 जुआरियाओं पकड़ा गया। जिनके कब्जे से फड़ एवं पास से नकदी रकम 23 हजार 990 रुपए के अलावा ताश के 104 पत्ते, 8 मोबाइल, मोटर साइकिल व चार्जिंग बल्ब जब्त किया गया। जुआरियों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

## पेज 9 के शेष

### पंडालों सहित घरों में...

गणेश प्रतिमा बना रहे मूर्तिकारों ने बताया कि लोगों की मांग के अनुसार मूर्तिकार छोटी एवं बड़ी मूर्तियां बनाकर बेच रहे हैं। शहर के धरमपुरा, कुम्हारपारा, मूर्ति लाइन, पथरागुड़ा और आमागुड़ा के पास मूर्तिकारों के द्वारा गणेश की अलग-अलग रूपों में प्रतिमा बनाई है।

### सनातनी धूमधाम से...

बात का उल्लेख करते जिला प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कई वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में आदेशित किया हुआ है। ध्वन आकाषण नियंत्रण अधिनियम लागू है। किन्तु जिला प्रशासन को उसका क्रियान्वयन करने स्मरण सनातनी उत्सवों में क्यों होता है। प्रशासन गणेश पर्व में एकाएक ध्वनि प्रदूषण अधिनियम को लागू करने पर सनातनियों में आक्रोश है। यदि ध्वनि प्रदुषण नियंत्रण अधिनियम लागू करना है तो प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि शोर का नियम समस्त धर्मावलंबियों पर समान रूप से लागू हो केवल सनातनियों को नियंत्रित न करें। प्रातः 6 बजे से पूर्व ध्वनि प्रदूषण प्रतिबंधित हो। यह भी ध्यान आकर्षित किया गया कि सनातनी ध्वनि प्रदुषण नियंत्रण मानदण्ड अनुरूप वाद्य यंत्रो व डीजे परिचालन के साथ हिन्दू रीति रिवाज के गरिमा अनुरूप गणेश चतुर्थी मनाये जाने को दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान शहर के समस्त गणेश उत्सव समिति के कर्मकर्ता सम्मलित थे।

### आम नागरिकों को बेहतर...

स्वशासी मद के आय-व्यय पर चर्चा किया गया। इसके अलावा चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर के अंतर्गत आवश्यक संसाधनों के विषय पर भी चर्चा किया गया। निरीक्षण के दौरान सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विनायक गोयल, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, एसीएस मनोज पिंगुआ, एनएचएम मिशन संचालक जगदीश सोनकर, कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, प्रभारी डीन डॉ. नवीन दुल्हानी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू सहित अस्पताल प्रबंधन और स्वशासी समिति के अन्य सदस्य व अधिकारी उपस्थित थे।

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक...

स्थापित कर धरातल पर परिणाममूलक कार्य करें। व्यापक जनजागरुकता निर्मित करने सहित दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता, कॉम्बेट दलों का बेहतर उपयोग तथा रेपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय रखकर मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने बस्तर को मलेरिया मुक्त करने के लिए मिशन मोड पर काम करने आवश्यकता जतायी और जांच एवं उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। साथ ही मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण एवं मलेरिया कीटनाशक दवाई के छिड़काव पर जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सहित जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय तथा मेन्यू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन सुलभ करवाने कहा। साथ ही आवश्यकता अनुरूप सुरक्षाकर्मी रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दिशा में जीवनदीप समिति के माध्यम निर्णय लेने कहा। वहीं जरूरत के अनुसार राज्य स्तर से भी मांग किये जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पतालों में निर्धारित ड्यूटी अवधि के दौरान चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ की उपस्थिति पर जोर देते हुए समय पर मरीजों के उपचार हेतु संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। वहीं अस्पतालों से रैफरल प्रकरणों में कमी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर मरीजों का बेहतर इलाज किया जाए।

ये रहे उपस्थित

इस दौरान सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव व विनायक गोयल, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुवा, आईजी सुन्दराज पी., मिशन संचालक एनएचएम डॉ. जगदीश सोनकर, कलेक्टर विजय दयाराम के.,पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा समेत बस्तर संभाग के सभी जिलों के सीएमएचओ, सिविल सर्जन तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### भारत नक्सलवाद से मुक्त...

यह अब बच्चे भी समझ रहे हैं। बस्तर के युवाओं में प्रतिभा दिखी है, सही प्लेटफार्म देना राज्य और केंद्र सरकार का काम है। छत्तीसगढ़ और केंद्र में बैठी भाजपा की डबल इंजन की सरकार में बस्तर के प्रतिभाओं को अवसर मिलने लगा है। विधायक एवं युवामोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने बस्तर के आदिवासी युवाओं से मिलकर कहा बस्तर के युवा खेल प्रतिभा के धनी है। बस्तर के युवाओं को राष्ट्र की सेवा में समर्पित भारतीय जनता पार्टी से जोड़कर देश और संगठन को और अत्यधिक मजबूत करना है। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा पूरे विश्व में भाजपा सबसे अधिक सदस्य वाली पार्टी है इस रिकॉर्ड को पुनः स्थापित कर और भी अधिक नए सदस्य बनाकर पिछला रिकार्ड तोड़ेगी। जातिगत जनगणना के सवाल पर चुप्पी साध ली। उन्होंने आज के युवाओ में आ रहे बदलाव को पढ़ाई और मोबाइल दोनों को श्रेय दिया।

### गणेश पंडाल समितियों...

कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि संबंधित जोन कार्यालय से अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेना अनिवार्य है। अनाधिकृत, अवैध रूप से विद्युत का उपयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। अनाधिकृत विद्युत उपयोग पाए जाने पर नियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

### करोड़ों कार्यकर्ताओं के बदौलत ही...

सदस्यता अभियान में देश का हर नागरिक, समाजसेवी जुड़ना चाहता है और सदस्य बनने इच्छुक है। ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क कर सदस्यता अभियान की रफ्तार बढ़ाने में सभी कार्यकर्ता अग्रणी रहे। जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी, नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान प्रदेश सह प्रभारी युवा मोर्चा अभिषेक प्रताप सिंह ने भी संबोधन दिया।

ये रहे मौजूद

संचालन नगर मण्डल महामंत्री संग्राम सिंह राणा व आभार सदस्यता अभियान नगर मण्डल संयोजक मनोहर तिवारी ने माना। इस दौरान योगेंद्र पांडे, संजय पांडे, रजनीश पानीग्राही, नरसिंह राव, हरीओम साहू, भूपेंद्र नाग, जयराम दास, लक्ष्मण झा, अभिषेक धनकर, कुणाल ठाकुर, सुधा मिश्रा, यशवर्धन राव, दिगम्बर राव, राजपाल कसेर, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, योगेश ठाकुर, शशिनाथ पाठक, मानिक राम नाग, विक्रम सिंह यादव, संतोष बाजपेयी, प्रकाश झा, अभय दीक्षित, अशोक नेताम, दंतेश्वर राव, रोहित त्रिवेदी, पिंटू साव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पिता की गैरहाजिरी में दो साल...

वीच बोर्ड में बटन को ऑन करने से लेकर अन्य सामान कहां-कहां पर रखा गया है और किस काम के लिए किस सामान की जरूरत पड़ती है यह उसे मालूम है। इस तरह बच्चे की मासूमियत में उसकी लगन और काम के प्रति खुशी दिखाई पड़ी। पूछने पर महिलाओं ने बताया कि इस दो साल के बच्चे नागार्जुन की 4 बहने भी हैं सब छोटे हैं दिनभर वह पिता के काम में हाथ बंटाता है।

### 3 सक्रिय नक्सली विस्फोटक...

50 निवासी सुकनपल्ली बताया। सभी तर्रेम थाना क्षेत्र जिला बीजापुर के रहने वाले है। इनके कब्जे से कॉर्डेक्स वायर, जिलेटिन, गन पावडर सफेद एवं काला, डेटोनेटर व दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है। पूछताछ करने पर प्लाटून नम्बर 10 के कमांडर मल्लेश के द्वारा सारकेगुड़ा पुलिया के पास सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम लगाने के लिए सामग्री उपलब्ध कराया गया था। पकड़े गये नक्सलियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया हैं।

## खबर संक्षेप

### किसान सीख रहे जैविक खेती के नए तरीके



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि विभाग, निर्माण एनजीओ, भूमगादी एवं अन्य समन्वित विभागों के द्वारा जिले के चारों विकासखंड के 220 ग्रामों में जैविक कृषक खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इस कृषक खेत पाठशाला की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस प्रशिक्षण में किसानों को कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि उनके ही गांव में जो किसान भाई बहुत अच्छे से श्रीविधि या अन्य तकनीक से उन्नत जैविक खेती कर रहे हैं। उनके खेतों में ही इस पाठशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी कृषक मित्र, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, जैविक कृषि विशेषज्ञ, प्रगतिशील कृषक, जैविक कार्यकर्ता, कृषि सखी, पशु सखी भाग ले रहे है।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** भारत सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर संबित मिश्रा के अध्यक्षता में त्रैमासिक बैठक आयोजित कर आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन रायपुर तथा सचिव छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग रायपुर को उपलब्ध कराने एवं अल्पसंख्यक समुदाय कार्यों के सफल क्रियान्वयन समन्वय निगरानी हेतु आनंद सिंह सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत नदी में डुबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक कन्हैया बड्डी के निकटतम वारिस उनकी पत्नि सालक्का बड़दी को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### मासिक समीक्षा बैठक 13 को

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 13 सितंबर को अपरान्ह 12 बजे से नवीन संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी सभाकक्ष (तृतीय तल) में आयोजित की गई है। जिसमें समस्त अधिकारीगणों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए है।

## जमुई विधायक का लोहण्डीगुड़ा भाजपा मण्डल के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

# खिलाड़ी एकाग्र होकर अपने लक्ष्य पर ध्यान दें

### विधायक ने लोहण्डीगुड़ा स्पोर्ट्स क्लब व वनवासी कल्याण आश्रम के बच्चों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा



बिहार राज्य के जमुई सीट से विधायक,अंतर्राष्ट्रीय महिला गोल्ड मेडलिस्ट शूटर, अर्जुन पुरुस्कार से सम्मानित, भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रेयसी सिंह आज चित्रकोट विधानसभा दौरे पर रहीं। लोहंडीगुड़ा स्पोर्ट्स क्लब खिलाड़ियों से मुलाकात कर सभी खिलाड़ियों से खेल के विषय में चर्चा कर हौसला बढ़ाया और मार्गदर्शन देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि खिलाड़ी को हमेशा एकाग्र होकर अपने लक्ष्य की ओर ध्यान देना है। आप सभी विभिन्न स्पोर्ट्स से जुड़कर अपने लक्ष्य पर ध्यान देते हुए परिश्रम करोगे, तो जरूर आप सफलता की ऊंचाईयों पर होंगे और देश का नाम रोशन करोगे।

इस दौरान लामड़ागुड़ा में स्थित वनवासी कल्याण आश्रम के बच्चों से मुलाकात कर देश के प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत आश्रम के बच्चों के साथ पौधा रोपण किया और बच्चों को पौधों की देखभाल करने को कहा।

उन्होंने कहा पर्यावरण को बचाना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेश नाग, युवा मोर्चा बस्तर जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री जयराम दास, जिला महामंत्री बसंत कश्यप, भरत कश्यप, सावेंद्र सेठिया, सुदरू सेठिया, अजय बघेल, स्पोर्ट्स क्लब सदस्य अनुप अवस्थी, हेमराव खापर्डे, अमित अवस्थी, कल्याण आश्रम अध्यक्ष हरेंद्र ठाकुर, विकास कुमार निराला, लखन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सौहार्दपूर्ण माहौल में मनावें गणेश उत्सव



**लोहंडीगुड़ा।** एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, एसडीओपी ईश्वरचंद्र त्रिवेदी, तहसीलदार कैलाश पोयाम एवं थाना प्रभारी गणेश यादव की उपस्थिति में गुरूवार को थाना क्षेत्र के नागरिकों, गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारियों एवं डीजे संचालकों की थाने में बैठक ली गई। जिसमें सभी को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में गणेश उत्सव मनाने, सुप्रीमकोर्ट के डीजे को लेकर जारी गाइडलाइन का पालन करने व वाहन में डीजे सिस्टम लगाकर नही बजाने, जबरन वाहनों को रोककर चंदा नही लेने, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने, महिलाओं व बच्चों के साथ गलत व्यवहार नही करने, असमाजिक तत्वों पर ध्यान रखने, प्रकाश व्यवस्था समुचित व व्यवस्थित कनेक्शन रखने एवं विसर्जन के दौरान नशापान कर हुड़दंग नहीं करने समझाईश बैठक में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा दिया गया।

## कबीर पंथ ने शिक्षकों का किया सम्मान



**बस्तर/भानपुरी।** भानपुरी बस्तर ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पखनाकोंगेरा में कबीर पंथ अनुयायियों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास साहब सत्संग चबूतरा में बड़े धूमधाम से स्वतंत्र भारत के द्वितीय राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षक दिवस मनाते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया। कबीर पंथ अनुयायी पवनदास बघेल एवं तुलेशदास ने बताया कि समाजसेवी श्याम दीवान के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पिछले पांच-छह वर्षों से ग्राम पंचायत सालेमेटा-1, छुरावंड, खंडसरा और पखनाकोंगेरा के हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, मिडिल स्कूल, प्राइमरी स्कूलों सहित आश्रम, छात्रावासों में पदस्थ 37 शिक्षक-शिक्षिकाओं को कबीर पंथ अनुयायियों के क्षेत्रीय गुरु महंत विद्याधर तथा बुदरुदास के हाथों नारियल, कलम एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## शारदीय नवरात्रि तैयारियों पर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



माईं दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में शारदीय नवरात्र पर्व वर्ष 2024 का आयोजन 3 से 11 अक्टूबर तक किया जाना है। जिस दौरान आवश्यक व्यवस्था तथा मंदिर परिसर की रख-रखाव के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय भवन दंतेवाड़ा में 5 सितम्बर को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दंतेवाड़ा एवं सचिव टेम्पल एस्टेट दंतेवाड़ा की अध्यक्षता में विधायक दंतेवाड़ा, अध्यक्ष नगर पालिका दंतेवाड़ा, अध्यक्ष जनपद पंचायत दंतेवाड़ा एवं गीदम, मंदिर के प्रधान पुजारी, मंदिर समिति सदस्यों, मांझी, चालकी, बारह लंकवार, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंदिर एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु टेंट, लाईट की व्यवस्था, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा व्यवस्था, साफ-सफाई कार्य, भण्डारा व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, मांई जी की दर्शन व्यवस्था हेतु सामान्य दर्शन के अतिरिक्त नवरात्र पर्व एवं सामान्य दिवस में भी विशेष, व्हीआईपी दर्शन हेतु शुल्क लेकर दर्शन व्यवस्था कराने, वाहन पार्किंग एवं बाजार स्थल की व्यवस्था, दशहरा पर्व हेतु आवागमन एवं ठहरने की व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया।

इसके अतिरिक्त मांई जी मंदिर की आमदनी बढ़ाने हेतु दान में प्राप्त चांदी के आभूषणों को गलाकर सिक्का निर्माण करने, मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु नवीन धर्मशाला निर्माण करने, मांई जी की भूमि में काबिजों से किराया वसूली करने एवं रिक्त भूमि में आवश्यकतानुसार काम्पलेक्स निर्माण करने, संग्रहालय में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का चित्रण, विवरण की व्यवस्था के साथ मांई जी मंदिर की आस्था का विस्तार हेतु प्रतिदिन आरती का लाईव प्रसारण करने के संबंध में चर्चा कर निर्णय पारित किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

### राज्यपाल ने शिक्षक ककेम नारायण और पवन सिन्हा को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया है।


इसी कड़ी में बीजापुर जिले के सुदूर अंचल नक्सल प्रभावित क्षेत्र इलमीडी के शिक्षक ककेम नारायण को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। विदित हो,कि शिक्षक ककेम नारायण सन-1999 में प्राथमिक शाला पेद्दागेलूर, माध्यमिक शाला एंगपल्ली के बाद माध्यमिक आश्रम शाला इलमीडी मे पिछले 15 वर्षो से अपनी सेवा दे रहे है।

शिक्षक ककेम नारायण को शैक्षिक गतिविधियों में कार्य करने के अलावा जिला प्रशासन द्वारा दिये गये कार्यो का संपादन निष्ठापूर्वक करने उत्कृष्ट कार्यों के कारण प्रशस्ति पत्र भी दिया गया है।

शिक्षक ककेम नारायण ने बताया,कि उनका लक्ष्य आदिवासी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाना एवं अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हेतु बच्चों में जिज्ञासा जागृत करना हैं।

पवन कुमार सिन्हा शिक्षक प्राथमिक शाला के पद पर कार्यरत हैं। सुदूर आदिवासी नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्र में शिक्षा से वंचित बच्चों को विद्यालय से जोड़कर उन्हें शिक्षा प्रदान करते हैं। सीखने सिखाने की प्रक्रिया को बाल केंद्रित खेल आधारित एवं टीएलएम के द्वारा संचालन कर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं। विद्यालय में स्वच्छता, वृक्षारोपण, बागवानी, किचन गार्डन जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़े रखते है। उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा कार्य के लिए 2022 में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2023 में शिक्षा प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान, इनोवेटिव पाठशाला अल्टरनेटिव एकेडमिक द्वारा सर्वश्रेष्ठ स्कूल सम्मान, भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर समता अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## जरूरतमंद लोगों की सहायता करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म : लखेश्वर



**भोंड।** गणेश चतुर्थी शनिवार से शुरू हैं, क्षेत्र के ग्राम पंचायतों से युवा बस्तर विधायक से मिलने उनके निवास स्थान जगदलपुर पहुंच रहे हैं। आज भी विधायक बघेल से मिलने बस्तर विधानसभा के ग्राम पंचायत कोदागुड़ा से युवा साथी बड़ी संख्या में निवास स्थल पहुंचे थे। इन्हीं भीड़ में से एक बालक भी अपनी फरियाद लेकर स्थानीय विधायक के समक्ष आया और अपनी स्थिति के बारे विधायक को अवगत कराया। उसने अपनी फरियाद सुनाते हुए बस्तर विधायक से सायकल की मांग की। जिस पर विधायक ने तुरंत नया सायकल उक्त बालक को दिलाया। जिस पर उक्त बालक ने प्रसन्नता व्यक्त की। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा जरूरत मंदों की सहायता करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिका हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला पंचायत के सभा कक्ष में गुरूवार को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्म दिवस को पूरे भारतवर्ष में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज हमने जो भी उपलब्धि हासिल किया है वह एक शिक्षक के बदौलत ही है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है। शिक्षा के जरिये ही देश और समाज को विकास की ओर उन्मुख किया जा सकता है। इस दिशा में शिक्षकों की अहम भूमिका है, जो बच्चों को ज्ञान देने के साथ ही उन्हें संस्कारवान बनाते हैं।

■ शिक्षा के उजियारा से ही होगा देश और समाज का विकास : विधायक

इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने भी उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से पढ़े दंतेवाड़ा, लिखे दंतेवाड़ा, विनोबा एप और बाल मित्र योजनाओं के संबंध में शिक्षकों से इसकी उपयोगिता के बारे में जानना चाहा और उनसे आग्रह किया कि वे शाला त्यागी बच्चों को पुनःशालाओं में वापस लाने हेतु प्रयास करने के साथ-साथ पालकों की बैठक निरंतर लेते रहें।

इस दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों के शिक्षा संबंधी नवाचार गतिविधियों की जानकारियां साझा किये।

### 5-5 हजार रुपए पुरस्कार राशि दिया गया

समारोह के दौरान शिक्षा दूत पुरस्कार के तहत 12 शिक्षक जिनमें महादेव मरकाम, प्रशांत तिर्की, उमलेश कुमार उईके, अनिता वेक, गीता देवांगन, मुकेश रैकवार, प्रेमलता साहू, प्रतिमा वानखेड़े, मनोज सिंह राठौर, सुमन चौधरी, शशिकला पोयाम एवं विजय कुंजाम का सम्मान किया गया। जिन्हें 5-5 हजार रुपए पुरस्कार राशि दिया गया। इसी तरह जिला स्तरीय प्राथमिक शाला ज्ञानदीप पुरस्कार अन्तर्गत शिक्षक सुनीता देशमुख तथा राजकुमारी सिंह को 7-7 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जपं अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिपं सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा, डीईओ एसके. अम्बस्ता, डीएमसी श्याम लाल शोरी सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# लोनिवि में व्याप्त समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा लगातार जिले के समस्याओं को लेकर मुखर नजर आ रहे हैं। कभी बिजली समस्या तो, कभी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर वह जनता की आवाज उठा रहे हैं। दंतेवाड़ा से बचेली-किरन्दुल मार्ग पर लगातार हो रही अव्यवस्था को लेकर आज गणेश ने लोक निर्माण विभाग के ईई को ज्ञापन सौंपा हैं।

युवा कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि दंतेवाड़ा से बचेली-किरन्दुल मार्ग बारिश की वजह से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे जिले वासियों को काफी परेशानी हो रही है। गणेश ने कहा कि जिलेवासियों को तत्काल राहत देने विभाग द्वारा अविलंब मरम्मत करवाना चाहिए। वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा हो रहे कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिसे लेकर भी जिलाध्यक्ष गणेश ने काफी नाराजगी जताई है। विभाग के इंजीनियर और एसडीओ ठेकेदार को लाभ पहुंचाने नियम के हिसाब से एमबी रिकार्ड दर्ज नहीं करते, जिसके कारण ठेकेदार मनमानी पूर्वक निर्माण कार्य करते हैं और जनता के पैसे का दुरूपयोग करते हैं। एक अन्य मांग उठाते हुए उन्होंने कहा कि नकुलनार-श्यामगिरी, खुटेपाल घाट का जल्द से जल्द चौड़ीकरण किया जाए। जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग अपने काले कारनामों के कारण हमेशा विवाद में रहता है, जिससे जनता तक पहुंचने वाली सारी सुविधाएं अधिकारी और ठेकेदार की मिली भगत से धरी की धरी रह जाती है। अभी कुछ दिनों पूर्व विभाग में गुप्त टेंडर का मामला सामने आया था, जिसमें बड़े पैमाने में गड़बड़ी सामने आई थी।

अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने अधिकारी सभी नियमों को दरकिनार कर रहे हैं, जिसका युवक कांग्रेस कड़ा विरोध करता है। इस दौरान जिला महासचिव अनिल गावड़े, नगर अध्यक्ष गायेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र यादव, उमेश राणा, सहदेव नाग, प्रवीण नाग, अरूण सोनानी, छविन्द्र नेताम, साहिल चतुर्वेदी समेत बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिक्षकों ने वालेंटियर कनकदई का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



संकुल केंद्र सालेमेटा 2 और लामकेर में प्रति शनिवार होने वाली बैठक सह प्रशिक्षण प्राथमिक शाला छेपड़ा पारा झारतराई में इस बार संपन्न हुआ।

शाला में प्रति माह जो विद्यार्थी अपने अनुशासन, पढ़ाई के हुनर से न केवल शिक्षकों को बल्कि पालकों को भी प्रभावित करते हैं। ऐसे बच्चे एवं पालक को स्टूडेंट ऑफ द मंथ और सर्वश्रेष्ठ पालक आफ द मन्थ के पुरस्कार से नवाजे जाने का नवाचार किया जा रहा है। इस प्रकार के नवाचार से शाला को समुदाय से जोड़ने की कोशिश फलीभूत होती दिख रही है। संकुल स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण में इस नवाचार की उपस्थित, सभी शिक्षकों ने काफी सराहना की एवं अपने शालाओं में भी इस नवाचार को अपनाने हेतु प्रेरित हुए है। इसी क्रम में ग्राम झारतरई के छेपड़ापारा में रात्रिकालीन कक्षा लेकर बच्चों को पढ़ाने वाली वालेंटियर कनकदई का सम्मान भी संकुलों के शिक्षकों के द्वारा किया गया। बैठक सह प्रशिक्षण में संकुल प्राचार्य चरण कश्यप, संकुल समन्वयक धर्मेंद्र अग्रवाणी समेत अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

### अच्छा नवाचार

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी बली राम बघेल ने कहा कि ये बहुत ही अच्छा नवाचार है। इससे पालक बहुत ही आत्मीयता से शाला से जुड़ेंगे और अन्य शालाओं को भी इस तरह का नवाचार करना चाहिए।

### शाला में बढ़ेगी भागीदारी

राजेंद्र सिंह ठाकुर बीआरसी बस्तर ने कहा कि इस प्रकार के नवाचार से ग्रामीण क्षेत्र के पालक भी शिक्षा के प्रति जागरूक होंगे और समुदाय की भागीदारी शाला में बढ़ेगी। इस अभिनव प्रयास की मैं सराहना करता हूं।

## सुकमा भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ



**सुकमा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 सितंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हाथों भाजपा का सदस्य बनकर सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इसके बाद 3 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हाथों सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश में इस अभियान का शुरुआत की। भाजपा सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी ओजस्वी भीमा मंडावी 4 सितंबर को सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य हूंगाराम मरकाम सहित भाजपा जिला पदाधिकारियों को सदस्यता दिलाकर कर अभियान की शुरुआत अटल सदन भाजपा कार्यालय सुकमा में किया। अभियान की जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री ओजस्वी भीमा मंडावी ने कहा जिला मंडल शक्ति केंद्र, बूथ स्तर पर कार्यशालाएं समाप्त हो चुकी है, इसके बाद मंडल और शक्ति केंद्र स्तर पर सदस्यता अभियान प्रभारी का गठन हो चुका है। 5 सितंबर को सुकमा जिले के सभी मंडलों सभी शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान का उद्घाटन किया गया।

# 218 ग्रामीणों ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



संचालक आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर (बस्तर) के मार्गदर्शन में एक दिवसीय वयो वृद्ध शिविर का आयोजन सोरगांव आरोग्य मंदिर में किया गया।

जिसका उद्घाटन भूत पूर्व सरपंच शशि भारती, राजो बघेल, गांव पुजारी देयो बघेल के द्वारा भगवान धन्वंतरी के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में वृद्ध जनों के साथ अन्य मरीजों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 218 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई एवं स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. विनोद सिंह, डॉ. टीएस. बढ़ाई, एसआर. पटनायक, डॉ. हेमंत यादव एवं सोरगांव स्टाफ का सहयोग रहा।

# सम्मानित हुए शिक्षक उमाशंकर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भानपुरी



जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शिक्षा विभाग जिला बस्तर द्वारा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार जगदलपुर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के बस्तर विकास खण्ड अंतर्गत प्राथमिक शाला बड़ेपारा संकुल फरसागुड़ा के शिक्षक उमाशंकर साहू को उनके नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए किरण देव विधायक जगदलपुर के हाथों मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। शिक्षक के इस सफलता के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ सिंह, खण्ड स्रोत समन्वयक राजेन्द्र ठाकुर, संकुल समन्वयक संजीव शर्मा, प्राचार्य विकास पाठक, प्रधान अध्यापिका चंद्रमणी रंगारी समेत अन्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

## खबर संक्षेप

### बिलोरी हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



जगदलपुर। बिलोरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलन कर जयंती मनाई गई। प्राचार्य राम दरस तिवारी ने उनके जीवन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वह शिक्षक रहते हुए छात्रों को हमेशा एक अच्छा इंसान बनने की बात कहते थे। व्याख्याता अजय श्रीवास्तव ने बताया कि बचपन से ही वे प्रतिभावान छात्र थे और वह लगातार अपनी मेहनत से शिक्षक का कार्य करते हुए भारत के राष्ट्रपति बने। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर सभी शिक्षकों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक सुरेश चौहान, राजेश जैन, ख्याति देवांगन, राजेश जान, भारती ठाकुर, विनीता नाग, गीता आचार्य, महेश मरकाम, एन. पद्मजा, सुषमा साहू, माधुरी अद्वैया, रवि प्रकाश गुप्ता समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### मेडिकल कॉलेज और महारानी अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

# मरीजों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता बेहतर रखें : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- महारानी अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई के मॉडल को अन्य जिलों में लागू करवाएं





स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने बस्तर जिले के प्रवास में डिमरापाल स्थित मेडिकल अस्पताल और महारानी जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल अस्पताल के निरीक्षण में अस्थि वार्ड, शिशु वार्ड, नसिंर्ग वार्ड, ऑपरेशन थियेटर का जायजा लिया और महारानी अस्पताल में ओपीडी वार्ड, शिशु वार्ड एवं अन्नपूर्णा रसोई कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा, अस्पताल से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी ली। शिशु वार्ड में बच्चों को फल का भी वितरण किए। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता को बेहतर रखने, ऑपरेशन थियेटर में आवश्यक संसाधनों के लिये प्रस्ताव देने और मरीजों के परिजनों के प्रतीक्षालय कक्ष में टीवी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही महारानी अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई घर के मॉडल को अन्य जिलों में लागू करवाने के दिए निर्देश दिए। मंत्री ने मेडिकल अस्पताल में बाथरूम और किचन की पानी निकासी की समस्या के निराकरण हेतु सीजी मेडिकल हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के शौचालय का भी निरीक्षण स्वास्थ्य मंत्री ने किया और सफाई व्यवस्था की सराहना की। निरीक्षण के दौरान सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, गणमान्य जनप्रतिनिधि, एसीएस मनोज पिंगुआ, मिशन संचालक जगदीश सोनकर, कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, प्रभारी डीन डॉ. नवीन दुल्हानी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू सहित अस्पताल प्रबंधन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आने-जाने के लिए एक ही सर्विस रोड से हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ठेकेदार की मनमानी से 2 की बजाय एक ही ओर बनी सर्विस रोड

लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण की ओर से शहर के किनारे पुराने पुल के बाजू से एक वर्ष से नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल के दोनों ओर 1100 मीटर लंबा सर्विस रोड का भी निर्माण हो रहा है। ठेकेदार की मनमानी से एक वर्ष में दो की बजाय एक ही ओर सर्विस रोड का निर्माण किया गया है। इसमें लोगों को आना-जाना में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि इस उच्चस्तरीय पुल के निर्माण के लिए सेतु निर्माण की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए 8 माह पूर्व 20 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया था, लेकिन अब तक अतिक्रमण नहीं हट सका, जिससे पुल निर्माण कार्य अधर में है। इसके अलावा वन विभाग ने इस पुल में चिन्हित 41 पेड़ों की कटाई के लिए सेतु निर्माण को 4.44 लाख रूपए का डिमांडनोट दिया, पर इसका भुगतान नहीं होने के चलते चिन्हित पेड़ों की कटाई नहीं हो सकी।

### ठेकेदार को दिए निर्देश

सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर के एसडीओ श्रीनिवास कोराम ने बताया कि पुल निर्माण के दोनों ओर में एक ओर सर्विस रोड का निर्माझा कार्य नहीं किया गया है। इसके लिए ठेकेदार को निर्देश दिया कि शीघ्र दूसरी ओर भी सर्विस रोड का निर्माण करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

## आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्र में शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शिक्षक दिवस पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आधुनिक युग में आर्थिक रूप से पिछड़े इस क्षेत्र के प्रति हम शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। हमें इस दिवस पर संकल्प लेना है कि हमारे विद्यार्थी भाषा, आधुनिक ज्ञान, तकनीक में निपुण हो और वे नौकरी पाने अथवा व्यवसाय प्रारम्भ करने योग्य बन सकें। आज शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा हैं क्योंकि वे देश में प्रतिभाओं को पैदा करने के आधार हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शरद नेमा ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर के अनुसार अध्यापन करना चाहिए। डॉ. स्वप्न कुमार कोले ने कहा कि हम सभी शिक्षकों को मिलकर विश्वविद्यालय के टास्क को एफर्ट से पूरा करने का प्रयास करना है। डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कहा कि हम सभी को जो भी काम मिले उसके अच्छे से करना चाहिए। डॉ. विनोद कुमार सोनी ने कहा कि एक शिक्षक को समाज को नई दिशा देने का अवसर मिलता है। हमें उस अवसर को सार्थक करना चाहिए। डॉ. सजीवन कुमार ने कहा कि संघर्ष और परिश्रम जितना बड़ा होगा सफलता उतनी ही महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर कुलपति ने शिक्षकों को शाल, श्रीफल, श्रीमदभागवत गीता देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. सुकृता तिर्की, श्रीनिवास रथ, बीएल केवट, केआर ठाकुर एवं चयनित अतिथि शिक्षक उपस्थित थे। संचालन और आभार रश्मि देवांगन ने माना।

### पेड़ काट कर कर रहे मक्का, उड़द और अन्य फसल की खेती

## मरेठा के जंगलों से हो रही पेड़ों की अवैध कटाई, वन विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





जनपद पंचायत बकावंड के ग्राम पंचायत मरेठा के जंगलों में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। पेड़ों की अवैध कटाई से जहां जंगल खत्म हो रहे वहीं पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। किंतु वन विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण शासन के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।

मरेठा के निवासी मनोज बघेल, विनोद बघेल, गेंदु कुमार, गिरधर कश्यप, धनराज दीवान और संजय सोनवानी ने बताया कि ग्राम पंचायत बनियागांव के ग्रामीण अवैध रूप से हमारे गांव के जंगलों में आकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। इसका विरोध किया गया फिर भी ग्रामीणों ने नहीं मानी। वर्तमान में भी अवैध रूप से कटाई चल रहा है इसकी शिकायत वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया। लेकिन वन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, ना ही मौके पर पहुंचे हैं। गांव वालों का कहना है कि गांव की देवभूमि है, जिस डोंगरी में परंपरा से हमारे पूजा करते आ रहे हैं और इस जंगल को बनियागांव वाले काट रहे हैं।

केपीएफ 1092 में पेड़ों की अवैध कटाई की सूचना जागरूक नागरिक द्वारा दी गई। ग्राम पंचायत बनियागांव के ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से कटाई चल रही है। ग्राम पंचायत मरेठा के डोंगरी को ग्राम पंचायत बनियागांव के लोगों के द्वारा अवैध कटाई कर मक्का उड़द एवं अन्य फसलों की खेती कर रहे हैं। ऐसे ही लगभग 45-50 हेक्टर के पेड़ों पौधे को काट कर कब्जा कर लिए है। ग्राम मरेठा के आश्रित ग्राम सरगीगुड़ा के लोग भी वन की कटाई कर कब्जा कर रहे हैं। वन की कटाई को देखकर वन विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं ना ही रोक लगाई जा रही है।

### साय सरकार कर रही किसानों के साथ छल : सेठिया



जगदलपुर। बस्तर जिला युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष संतोष सेठिया ने जारी बयान में कहा कि किसानों को इन दिनों खाद को लेकर परेशानी हो रही है। सरकार से मांग है कि समय रहते किसानों को खाद मुहैया कराया जाए अन्यथा सरकार के खिलाफ युवा कांग्रेस मोर्चा खोलेगी। उन्होंने कहा कि जगदलपुर ब्लॉक के माड़पाल, सेमरा, नगरनार, बम्हनी, धनपुंजी,चोकावाड़ा, उपनपाल, करनपुर, आमागुड़ा, कलचा पंचायत में इन दिनों खाद की समस्या से किसान जूझ रहे हैं। लेम्पस के चक्कर काट रहे हैं परंतु उन्हें निराशा हाथ लग रही है। वर्तमान समय खेतों में खाद के छिड़काव का है जिससे किसान अपनी उपज को बढ़ाने जद्दोजहद कर रहे हैं।

### सेवानिवृति एक पड़ाव नहीं, सेवाकाल में किया शिक्षा दान है : बीईओ



जगदलपुर। बकावंड में विकासखंड स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ राधाकृष्णन के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा ने सेवानिवृत शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवनिवृति एक पड़ाव नहीं है, अपने सेवकाल में शिक्षा का दान किया, आपके अनुभव और मार्गदर्शन कि आगे भी आवश्यकता पड़ेगी। सेवानिवृत शिक्षक राकेश देवांगन अपने कार्यकाल के बारे मे बताते हुए भावुक हो गए तथा विकास खंड में किसी एक स्कूल को गोद लेने की इच्छा जताई। सेवानिवृत शिक्षकों ने अपने सेवा काल के अनुभव व्यक्त किये। इस दौरान सेवा निवृत्त शिक्षकों का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंट कर से सम्मानित किया गया।

## रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शांति समिति की बैठक में आयोजन कर्ताओं से चर्चा के दौरान कहा कि त्यौहार को सौहाद्र पूर्ण वातावरण में मनाया जाना है। इसमें सभी समुदाय की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। जिला कार्यालय में आयोजित शांति समिति की बैठक पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, सीएसपी पुष्कर, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक सहित गणेश उत्सव के आयोजक समिति के सदस्य, डीजे के संचालक और ईद ए मिलाद (मिलाद-उल-नबी) के लिए मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में गणेश की स्थापना के लिए आयोजक समितियों को कहा गया कि गणेश के पंडाल बनाते वक्त आवागमन को निर्बाध गति से जाने की सुविधा और सजावट की वजह से वाहनों की निकासी में दिक्कत नहीं होने के लिए व्यवस्था करने कहा गया। पंडालों में आयोजक समिति की सदस्यों की पर्याप्त संख्या रखने, आपातकालीन सम्पर्क नंबर का प्रदर्शन, अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था करने भी कहा गया। गाड़ी में डीजे लगाकर चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार करने के निर्देश दिए, निर्देशों का पालन नहीं होने पर आवश्यक कार्यवाही प्रशासन द्वारा किया जाएगा। विसर्जन के एक दिवस पूर्व गणेश पंडाल समिति द्वारा थाना को सूचना देना होगा। गणेश के विसर्जन के लिए भी रूट का भी निर्धारण किया गया, जिसमें छोटे वाहनों से विसर्जन करने वालों के लिए खड़कघाट को चिन्हाकित किया गया है और बड़े वाहनों में गणेश विसर्जन करने वाले जगदलपुर-आसना मार्ग के पुल का उपयोग करेंगे। बैठक में मुस्लिम समुदाय के साथ ईद ए मिलाद उत्सव के लिए स्थल चिन्हाकन हेतु प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के उपरांत अनुमति देने पर सहमति बनी।

### जिलाध्यक्षों के साथ हुई पदाधिकारियों की नियुक्ति

## जनता कांग्रेस का हुआ विस्तार सभी ने कहा बस्तर बनाएंगे श्रेष्ठ



जगदलपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के अनुशंसा एवं बस्तर संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के आदेशानुसार संभागीय कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों व पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। नवनीत ने कहा कि हमारी पार्टी कार्ययोजना बनाकर पूरे संभाग में सक्रिय रूप से जनता तक पहुंच रही है। मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर पूर्ण विकसित और श्रेष्ठ बस्तर के दिशा में आगे बढ़ेंगे। बस्तर संभाग प्रमुख समन्वयक टांकेश्वर भारद्वाज, उपाध्यक्ष भारत कौशिक कोंडागांव एवं जमुना संकनी बीजापुर जिला, महामंत्री नरेंद्र मिश्रा चित्रकोट विधानसभा, रामनाथ नेगी दंतेवाड़ा, संगीता सरकार जगदलपुर, अशोक गांडमी सुकमा, अमित पटेल बस्तर, सचिव बुधराम सोढ़ी बस्तर, अगेस नेताम कोड़ागांव, लक्ष्मण करंगा नारायणपुर, हरे रामदास, किरण कुमार देवनाथ नारायणपुर, सुब्बा राव सुकमा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बेला तेलाम दंतेवाड़ा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विनोद सोरी, इसी प्रकार संभागीय जिला अध्यक्ष में संतोष सिंह विधानसभा अध्यक्ष जगदलपुर व भुवनेश्वर नाग चित्रकोट, नीलांबर भद्रे बस्तर, जगदलपुर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम नाग, महामंत्री रामू नाग, प्रिया यादव, शहर उपाध्यक्ष किरण नाग, नीलकंठ दास, बीजापुर जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी, सुकमा जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू, कोड़ागांव जिला अध्यक्ष शंकर नेताम, जिला महामंत्री उदय भंडारी, नारायणपुर जिला अध्यक्ष बलिराम कचलाम, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकामी, बस्तर संभाग सोशल मीडिया प्रभारी ओम मरकाम शामिल हैं।

## आयोग के आदेश पर बीमा कंपनी देगी 4 लाख की क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कंपनी को दिया 10 हजार का जुर्माना

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में आवेदक को आईसीआईसीआई लोबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा 4 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रूपए का जुर्माना अदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंडागांव निवासी सेतुराम चक्रधारी ने अपनी महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन का बीमा आईसीआईसीआई लोबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से करवाया था। आवेदक की उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी, आवेदक द्वारा इसकी तत्काल सूचना बीमा कंपनी को देकर उनके निर्देशानुसार क्षतिग्रस्त वाहन को गैरेज में भेजा गया। इसके द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन में क्षति का आकंलन कर एस्टीमेट प्रदान किया गया। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ क्षतिदावा प्रस्तुत किए जाने पर बीमा कंपनी द्वारा वाहन के व्यावसायिक उपयोग किए जाने का अवलंबन लेते हुए आवेदक का क्षतिदावा निरस्त कर दिया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी को यह प्रमाणित करना था कि बीमा धारक ने अधिनियम के उल्लंघन में वाहन का उपयोग किया है या उपयोग करने की अनुमति दी है। इसके साथ ही उसे जो नुकसान हुआ है वह उक्त उल्लंघन के कारण हुआ है। बीमा कंपनी को अपने दायित्व से बचने के लिए बचाव को स्थापित करना होता है क्योंकि बीमा की शर्तों के प्रमाण का भार भी बीमा कंपनी पर होता है। बीमा कंपनी को इस पर 10 हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

